# कई जिलों में 3 दिन तक बारिश व वज्रपात की संभावना, येलो अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में अगले तीन दिनों के दौरान गर्जन के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, 09, 10 और 11 मार्च 2026 को राज्य के करीब 20 जिलों में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। इसे लेकर मौसम विभाग ने 'येलो अलर्ट' जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार, 09 मार्च को जिन जिलों में बारिश और वज्रपात की संभावना है, उनमें हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, साहिबगंज और गोड्डा शामिल हैं। वहीं, 10 मार्च को भी कई जिलों में गर्जन के साथ बारिश और वज्रपात होने की संभावना है। इन जिलों में बोकारो, गिरिडीह, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज शामिल हैं। मौसम विभाग ने इन जिलों के लिए 'येलो अलर्ट' जारी करते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

### तापमान में उतार-चढ़ाव, लोगों को सावधानी की सलाह



पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में **35.5 डिग्री** सेल्सियस दर्ज किया गया। सबसे कम तापमान लोहरदगा में **17.3 डिग्री** सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रविवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में दिनभर आंशिक रूप से बादल छाए रहे। दोपहर के समय हल्की गर्मी और उमस महसूस की गई, लेकिन शाम होते-होते मौसम सुहाना हो गया। रविवार को रांची में अधिकतम तापमान **32.2 डिग्री** और न्यूनतम तापमान **18.0 डिग्री** सेल्सियस दर्ज किया गया। मेदिनीनगर (डालटनगंज) में अधिकतम **35.5 डिग्री** और न्यूनतम तापमान **19.0 डिग्री** सेल्सियस दर्ज हुआ। इसी तरह, जमशेदपुर में अधिकतम तापमान **33.7 डिग्री** और न्यूनतम **22.0 डिग्री** और चाईबासा में अधिकतम तापमान **35.4 डिग्री** और न्यूनतम **21.0 डिग्री** सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों, ऊंचे पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी है, ताकि वज्रपात से होने वाली संभावित घटनाओं से बचा जा सके।

## कायस्थ महासभा ने नारी शक्ति को किया नमन

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, झारखंड प्रदेश की ओर से महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर संदेश दिया गया। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रणय कुमार ने नारी शक्ति की वंदना करते हुए कहा कि नारी ही शक्ति और नारी ही मुक्ति का स्वरूप है। उन्होंने कहा, "नहीं कोई अबला है नारी, दुष्टों पर प्रबला है नारी।" उन्होंने कहा कि वैश्विक जगत में हर काल में नारी शक्ति की पूजा हुई है और आगे भी होती रहेगी।महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम कुमार सिन्हा ने कहा कि जिस समाज ने महिलाओं को सम्मान और अधिकार दिया है, वही समाज वैचारिक और सामाजिक रूप से प्रगतिशील बना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण से ही समाज का समग्र विकास संभव है। इस अवसर पर महासभा के प्रदेश प्रवक्ता सह रांची जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार सिन्हा ने कहा कि कायस्थ समाज में आदिकाल से ही नारी को पूजनीय स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि नारी समाज के बिना "वसुधैव कुटुंबकम" की कल्पना भी अधूरी है। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि महिलाओं को अबला नहीं बल्कि सबला और समर्थ शक्ति के रूप में आगे बढ़ाने में सभी को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण के प्रति समाज की जिम्मेदारी को याद दिलाने का अवसर है।

## 'गिव टू गेन' संदेश के साथ सीसीएल में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के जवाहरनगर क्लब, रांची में 'गिव टू गेन' थीम पर भव्य और प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीसीएल परिवार से रीता तिवारी और नीरू हंजूरा की विशेष उपस्थिति रही। आयोजन की शुरुआत डब्ल्यूआईपीएस के तत्वावधान में गांधीनगर अस्पताल द्वारा आयोजित बीएमआई और बोन डेंसिटी जांच शिविर के उद्घाटन से हुई। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और अल्पना अदिति की गणेश वंदना से हुआ। डब्ल्यूआईपीएस सीसीएल की समन्वयक एवं महाप्रबंधक (प्रणाली) बीवा उरांव ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि महाप्रबंधक (एचआर) कविता गुप्ता ने केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री का महिला दिवस पर भेजा गया संदेश पढ़कर सुनाया। डब्ल्यूआईपीएस सीसीएल की अध्यक्षा एवं जीएम (ईएंडएम) सुचंद्रा सिन्हा ने संगठन की आगामी कार्ययोजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर सीसी एंड पीआर विभाग द्वारा निर्मित लघु फिल्म "हमारी बिंदा" का प्रदर्शन किया गया, जिसमें सुश्री बिंदा कुमारी की प्रेरणादायी जीवन यात्रा को दर्शाया गया। फिल्म में बताया गया कि कैसे उन्होंने पिता के निधन के बाद अपने भाई-बहनों की जिम्मेदारी निभाते हुए परिवार को संभाला और सीसीएल में भी कर्तव्यनिष्ठा से कार्य किया। कार्यक्रम में केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड की प्रो. रश्मि वर्मा, लेफ्टिनेंट कर्नल दुर्गावती, जर्नो एक्टिविस्ट मोनिका गुंजन आर्या और सोहराई कलाकार जयश्री देवी इंदवार ने प्रेरक विचार साझा किए। इस दौरान कंपनी की उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 15 महिला कर्मियों को सम्मानित किया गया।

## चिकित्सा क्षेत्र में जेंडर नहीं, कौशल मायने रखता है: डॉ भारती कश्यप

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने किया। इस अवसर पर आईएमए झारखंड की वूमेन डॉक्टर्स विंग की चेयरपर्सन डॉ भारती कश्यप ने युवा महिला चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में जेंडर नहीं, बल्कि ज्ञान और कौशल सबसे अधिक मायने रखता है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को अपनी क्लीनिकल स्किल्स को मजबूत बनाते हुए निरंतर सीखते रहना चाहिए। डॉ भारती कश्यप ने कहा कि पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण देर से करियर शुरू करने वाली महिला डॉक्टरों के लिए एनएबीएच, क्वालिटी मैनेजमेंट और रिसर्च का क्षेत्र भी बेहतर अवसर प्रदान करता है।

## ब्रह्माकुमारी केंद्र में महिला सशक्तिकरण पर जोर

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र, चौधरी बगान (हरमू रोड) में 'वंदे मातरम्–स्वर्णिम भारत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ रांची रोटेरियन गवर्नर मुकेश तनेजा ने किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कोई पक्षी एक पंख से नहीं उड़ सकता, उसी प्रकार समाज और देश भी स्त्री और पुरुष दोनों के सहयोग से ही आगे बढ़ सकता है।

रांची एयरपोर्ट की मानव संसाधन विकास प्रमुख बनानी नंद ने कहा कि इतिहास में नारी के साथ हुए शोषण की गूंज आज भी सुनाई देती है, लेकिन शिक्षा और समानता से ही समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव है। सीओए श्रद्धा बागला ने कहा कि जहां नारियों का सम्मान होता है, वहीं देवताओं का वास होता है।

वार्ड 20 के पार्षद सुनील कुमार यादव ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यूनियन बैंक की डिप्टी मैनेजर रवीना सीमा मिंज ने ब्रह्माकुमारी संस्था के सेवा और आध्यात्मिक कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में भावना तनेजा, पार्षद सुनीता रानी, संगीता देवी, पूर्व पार्षद अर्जुन यादव और ब्रह्माकुमारी निर्मला सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया तथा गाइडेड मेडिटेशन का अभ्यास भी कराया गया।

## राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर सेल सुरक्षा संगठन का 'सेफ्टी वॉक'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



55वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस (एनएसडी) के अवसर पर 8 मार्च को सेल सुरक्षा संगठन (एसएसओ) द्वारा सैटेलाइट टाउनशिप परिसर में 'सेफ्टी वॉक एवं पुरस्कार समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना, शिक्षित करना और सशक्त बनाना था। इस अवसर पर आयोजित सेफ्टी वॉक में लगभग 250 कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में एसएसओ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के. रामकृष्ण, आरडीसीआईएस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संदीप कुमार कर, एसडीटीडी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक जैन, एमटीआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय धर, सीईटी के कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस. पी. दास सहित रांची स्थित विभिन्न सेल इकाइयों के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और सेवानिवृत्त कर्मी उपस्थित थे। पुरस्कार समारोह के दौरान सुरक्षा स्लोगन, चित्रकला और सुरक्षा क्विज प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही एसएसओ कर्मचारियों के मेधावी छात्रों को भी विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन एसएसओ के एजीएम (सुरक्षा) मनोज कुमार और अभिषेक कुमार ने किया तथा राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के महत्व पर जानकारी दी। यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के साथ होने के कारण सुरक्षा संस्कृति में महिलाओं की भूमिका को भी रेखांकित करता है।

## रांची को मिला लग्जरी स्टोन का नया पता: 'स्टोनएज इटालियन मार्बल'






**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शहर के सुकुरुहुतु, कांके रिंग रोड स्थित 'स्टोनएज इटालियन मार्बल' का भव्य उद्घाटन रविवार को संपन्न हुआ। तुलस्यान एंड सराफ कंपनी के इस नए उपक्रम ने रांची में प्रीमियम और लग्जरी पत्थरों की दुनिया में एक नई दस्तक दी है। उद्घाटन समारोह के दौरान शहर के कई गणमान्य नागरिक, प्रमुख आर्किटेक्ट और बिल्डर्स उपस्थित रहे। शोरूम की भव्यता और वहां प्रदर्शित इटालियन मार्बल व क्वार्ट्ज के संग्रह ने आगंतुकों को काफी प्रभावित किया।

### एक ही छत के नीचे विश्वस्तरीय संग्रह

'स्टोनएज' के इस नए डेस्टिनेशन पर ग्राहकों के लिए कई आधुनिक विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं।

**प्रीमियम रेंज :** इटालियन मार्बल, ब्राजीलियन क्वार्ट्जाइट और बेहतरीन ग्रेनाइट फिनिश।

**इंटीरियर समाधान :** फ्लेक्सिबल क्ले क्लैडिंग, नेक्सियन गैलरी और शानदार सीएनसी वॉल क्लैडिंग।

**आउटडोर लग्जरी :** गज़ेबो, परगोला सॉल्यूशंस और ड्यूरेबल वुडन डेक फ्लोरिंग।

### गुणवत्ता पर विशेष जोर

इस अवसर पर तुलस्यान एंड सराफ कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि रांची और आसपास के क्षेत्रों में अब लोगों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की निर्माण सामग्री के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, "हमारा उद्देश्य शिल्पकारी और प्रीमियम गुणवत्ता का ऐसा मेल पेश करना है, जो घरों और व्यावसायिक परिसरों की सुंदरता को कई गुना बढ़ा दे।" यह शोरूम अब आम जनता और इंटीरियर डिजाइनर्स के लिए नियमित रूप से खुल गया है, जहां वे अपनी पसंद के अनुसार पत्थरों के विशिष्ट संग्रह को देख और चुन सकते हैं।

### आज / कल




## श्री राधा कृष्ण मंदिर में फाल्गुन रंग पंचमी उत्सव मना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में फाल्गुन रंग पंचमी उत्सव उल्लासपूर्वक मनाया गया। श्री राधा रानी का विशेष श्रृंगार वृंदावन से मंगाए गए आकर्षक परिधानों और जड़ित आभूषणों से किया गया। अलौकिक श्रृंगार की छटा देखते ही बनती थी। रंग गुलाल और पुष्पों के सुगंध से पूरा मंदिर प्रांगण भक्ति में वातावरण में सराबोर हो उठा। मंदिर में पधारे सभी श्रद्धालुओं को अबीर गुलाल का तिलक लगाया गया। इस अवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा का 256 वां महाप्रसाद का आयोजन किया गया। महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई, प्रसाद में वेजिटेबल खिचड़ी मंदिर परिसर में उपस्थित 2 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच वितरण गया। तत्पश्चात भजन- संध्या में ट्रस्ट के भजन गायकों द्वारा रंग पंचमी पर आधारित गाए मनमोहक सुमधुर भजनों श्रोताओं को खूब झुमाया। श्री राधा कृष्ण के जयकारा से पूरा वातावरण कृष्णमय एवं भक्तिमय बन गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गई। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि श्री राधा कृष्ण मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा तथा 6 हजार से अधिक श्रद्धालुओं में दर्शन किए। उन्होंने बताया कि मंदिर में प्रत्येक दिन दोपहर 12:30 बजे से 2 बजे तक वेजिटेबल खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया जाता है जिसमें 500 से भी अधिक श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं।इस अवसर पर-राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, पूरणमल सर्राफ, मधुसूदन जाजोदिया, अरविंद अग्रवाल, अंजनी अग्रवाल, विष्णु सोनी सुरेश भगत, पवन पोद्दार सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### मारवाड़ी युवा मंच की शानदार पहल

# यूएई से 180 भारतीय सुरक्षित घर लौटे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की अंतरराष्ट्रीय शाखा मारवाड़ी युवा मंच अबू धाबी एवं दुबई (यूएई) ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए संकट की घड़ी में भारतीयों को सुरक्षित भारत भेजने का सराहनीय कार्य किया है।प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पाड़िया ने बताया कि मध्य एशिया में बने युद्ध जैसे हालात के बीच कई भारतीय नागरिक वहां फंस गए थे। ऐसी कठिन परिस्थिति में दुबई एवं अबू धाबी शाखा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने तत्परता दिखाते हुए राहत कार्य शुरू किया। उनके प्रयासों से फुजैरह से मुंबई तक चार्टर्ड फ्लाइट की व्यवस्था कर लगभग 180 भारतीयों को सुरक्षित भारत भेजा गया, जो मानवता का प्रेरणादायक उदाहरण है।


मारवाड़ी युवा मंच अबू धाबी के अध्यक्ष आनंद गुप्ता ने मोबाइल पर बातचीत के दौरान बताया कि राहत कार्य में विभिन्न देशों की शाखाएं लगातार सहयोग कर रही हैं। ओमान शाखा द्वारा प्रभावित लोगों के लिए निःशुल्क रहने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा अन्य संस्थाओं द्वारा भी निःशुल्क भोजन एवं आवास की व्यवस्था की जा रही है, जिसमें मंच के सदस्य सक्रिय सहयोग कर रहे हैं। इस पूरे राहत कार्य में लगभग 25 से अधिक स्वयंसेवक 24 घंटे सेवा में जुटे हुए हैं और लोगों को एक-दूसरे से संपर्क कराने सहित हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। मंच के उमेश गर्ग (कन्वीनर, इंटरनेशनल फोरम) एवं हेमंत शाह (वाइस चेयरमैन, इंटरनेशनल फोरम) ने इस मानवीय पहल के लिए दुबई से रवींद्र अग्रवाल, अबू धाबी से श्री आनंद गुप्ता (अध्यक्ष) एवं हिमांशु अग्रवाल, ओमान से बसंत बगारिया एवं अनुराग अग्रवाल, सऊदी अरब से लक्ष्मण सिंह परमार, बहरीन से विनीत मारू, कुवैत से आदित्य तथा कतर से शेखर अग्रवाल सहित पूरी टीम को हृदय से बधाई एवं साधुवाद दिया।

प्रांतीय संयोजक, सूचना जनसंपर्क प्रचार-प्रसार अमित शर्मा ने सहायता के लिए संपर्क नंबर भी साझा किए हैं। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है-

**आनंद गुप्ता (अध्यक्ष, अबू धाबी) :** +971 565699100

**रविन्द्र अग्रवाल (अध्यक्ष, दुबई) :** +971 50 455 2817

**हिमांशु अग्रवाल :** +971 56 622 2813

### रंगदारी नहीं देने पर बम से उड़ाने की धमकी

# होटल में फायरिंग की गैंगस्टर प्रिंस खान ने ली जिम्मेदारी

नवीन मेल संवाददाता

- पिछले वर्ष 25 दिसंबर को भी प्रिंस खान के नाम पर रेस्त्रां के संचालक से एक करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई थी



**रांची।** झारखंड पुलिस के लिए कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान लगातार चुनौती बना हुआ है। विदेश में बैठकर वह झारखंड में अपने गिरोह का संचालन कर रहा है और अपराधियों के जरिए वारदातों को अंजाम दिलवा रहा है।

रांची के एक रेस्त्रां में शनिवार की रात हुई गोलीबारी की जिम्मेदारी भी प्रिंस खान ने ली है। इसके साथ ही उसने रेस्त्रां संचालक को दोबारा धमकी देते हुए रंगदारी नहीं देने पर बम से हमला कराने की चेतावनी दी है। पुलिस की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, रांची के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र अंतर्गत लोधमा रोड स्थित कुतियातु चौक के पास बने होटल टीटॉस में शनिवार देर रात हथियारबंद अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी। इस घटना में होटल के कर्मचारी मनीष की गोली लगने से मौत हो गई थी।

पुलिस के अनुसार, वारदात को अंजाम देने के कुछ घंटे बाद ही रेस्त्रां के संचालक के मोबाइल फोन पर प्रिंस खान का एक ऑडियो मैसेज आया, जिसमें उसने इस गोलीबारी की जिम्मेदारी ली। साथ ही उसने संचालक को धमकी देते हुए कहा कि यदि रंगदारी की रकम नहीं दी गई तो अगली बार उसके घर पर बम से हमला कराया जाएगा। बताया जाता है कि जिस रेस्त्रां में फायरिंग हुई, उसके मालिक राजकुमार गोप हैं। राजकुमार ने बताया कि पिछले वर्ष 25 दिसंबर को भी प्रिंस खान के नाम पर उनसे एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी थी, जिसके बाद सुरक्षा के लिए उन्हें एक महीने तक बॉडीगार्ड भी दिया गया था।

हालांकि कुछ दिन पहले ही सुरक्षा हटा ली गई थी। राजकुमार के अनुसार, अपराधियों का निशाना वही थे, लेकिन लगातार हुई फायरिंग में उनके रिश्तेदार और होटल कर्मचारी मनीष की मौत हो गई। इस घटना के बाद से उनका पूरा परिवार दहशत में है और सुरक्षा को लेकर चिंता में है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक धनबाद के वासेपुर का कुख्यात अपराधी प्रिंस खान फिलहाल पाकिस्तान में होने की आशंका है, जबकि इससे पहले वह दुबई में छिपा हुआ था। झारखंड पुलिस के प्रयासों ।के बाद उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया जा चुका है, लेकिन अब तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। बताया जाता है कि वह विदेश में रहते हुए ही झारखंड में अपने गैंग के जरिए बड़ी वारदातों को अंजाम दिलवा रहा है। इधर घटना के बाद होटल संचालक और उनका परिवार पूरी तरह दहशत में है।

राजकुमार ने बताया कि पुलिस की मौजूदगी में ही प्रिंस खान ने ऑडियो संदेश भेजकर उन्हें धमकी दी। मामले को लेकर पारस राणा, सिटी एसपी रांची ने बताया कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

उन्होंने कहा कि इससे पहले भी धमकी को लेकर मामला दर्ज किया गया था और पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। इधर पुलिस का कहना है कि इसकी जांच चल रही है अभी जांच के बाद जो होगा वह सामने आएगा।

### पिठोरिया में सम्मान और समर्पण का दिखा संगम

## महिलाओं ने अपनी शक्ति का विश्व में लोहा मनवाया : विधायक



नवीन मेल संवाददाता

**पिठोरिया।** रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर "पलाश" (झारखण्ड विकास विभाग, झारखण्ड सरकार ) के बैनर तले कांके के बाढू पंचायत, जमुवारी मे महिला दिवस सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौक़े पर मुख्य अथिति के रूप मे कांके विधायक सुरेश बैठा, कांके उप प्रमुख अंजय बैठा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजर खान ने महिलाओ को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि, आज के समय महिलाएं भी पुरुष से कम नहीं है। देश ही नहीं पूरे विश्व मे महिलाओं ने अपने कार्य और प्रतिभा से लोहा मनवाया है। आज ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के अभाव के कारण महिलाओं में जागरूक की कमी है इसलिए हर महिला अपने बेटी को जरूर पढ़ाया ताकि वह अपने हक अधिकार को जान सके। विधायक ने मौके पर कांके जेएसएलपीएस के चारो कलेस्टर को कार्यालय खोलने के लिए 10-10 लाख का भवन देने का आश्वासन दिया। इसके लिए सरकारी जमीन उपलब्ध कराने की बात कही। उप प्रमुख अंजय बैठा ने कहा कि महिलाओं के सम्मान सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि प्रत्येक दिन है, महिला के बिना सृष्टि का संरचना भी नहीं हो सकता. आज देश की प्रथम नागरिक महामहिम राष्ट्रपति भी एक महिला है, कार्यक्रम मे मुख्य रूप से कांके प्रखंड अध्यक्ष संजर खान, विधायक प्रतिनिधि नीलेश मिश्रा, बिनोद सिंह, मनीष महतो, योगेंद्र उरांव, बीपीएम अभिषेक कुमार, कलीम अहमद, स्मृति, निर्मला गाड़ी, रुकमणी देवी, समित सिंह, देवी उरांव, सुरेंद्र कुमार, उमा शंकर यादव, कार्तिक साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## हेसल में आनंद मार्ग प्रचारक संघ का अखंड कीर्तन व आध्यात्मिक विचार गोष्ठी



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ के तत्वावधान में रविवार को हेसल स्थित मधु मंजूषा में तीन घंटे का अखंड कीर्तन "बाबा नाम केवलम" का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में आनंदमार्गी साधकों ने भक्ति भाव से कीर्तन में भाग लिया। कीर्तन के पश्चात साधना, भजन तथा आध्यात्मिक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें आध्यात्मिकता और समाज के समग्र विकास पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आनंद मार्ग प्रचारक संघ के आचार्य युक्तानंद अवधूत ने प्रउत (प्रोग्रेसिव यूटिलाइजेशन थ्योरी) विषय पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रउत का सिद्धांत मानव समाज के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। इसके माध्यम से समाज में आर्थिक असमानता को दूर किया जा सकता है और संसाधनों का संतुलित एवं न्यायपूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि प्रउत के सिद्धांतों को व्यवहार में लागू किया जाए तो देश की आर्थिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव संभव है।

कार्यक्रम के दौरान रांची भुक्ति के प्रतिनिधियों को सम्मानित भी किया गया। सम्मानित होने वालों में मुख्य रूप से डॉ. करुणा सहदेव, बबीता दीदी, कलावती दीदी, राजीव कुमार सिंह, पंचु दादा, विजयवर्धन दादा, धनेश्वर दादा, नितेश दादा, मनोज दादा, संदीप दादा, बुतनाथ दादा, रतन दादा, रामदेव दादा, देवशिवानंद तथा दिलीप विश्वास शामिल थे।

## राय में 23 को सरहुल व 26 को रामनवमी की निकलेगी शोभायात्रा

**खलारी।** प्रखंड के राय पंचायत भवन में ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विजय पाहन ने की, जबकि संचालन प्रदीप उरांव ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राय में सरहुल पूजा एवं रामनवमी पर्व पूरे धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए आयोजन समिति का गठन किया गया। समिति में सरहुल मेला समिति एवं रामनवमी मेला समिति राय के अध्यक्ष विजय उर्फ बैलून पाहन, सचिव दुर्गा प्रसाद महतो, कोषाध्यक्ष रूपेश कुमार महतो, उपाध्यक्ष भुवनेश्वर महतो, संयुक्त सचिव हरीश कुमार महतो, उप कोषाध्यक्ष विजय कुमार महतो तथा मीडिया प्रभारी गणेश कुमार महतो को बनाया गया। वहीं संरक्षक के रूप में नागेश्वर महतो, लालेश्वर महतो, प्रदीप उरांव, एतवारा महतो, राजू गुप्ता, रामकुमार भुइया, दीपक कुमार महतो, राम अवतार राम, राजेश महतो, मनोज महतो और बालेश्वर महतो को जिम्मेदारी दी गई। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सोनू महतो आदि मौजूद थे।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वास्थ्य सहियाओं को मिला तोहफा

## स्वास्थ्य मंत्री की पत्नी ने सहियाओं को चेक देकर किया सम्मानित

- स्वास्थ्य सहियाओं को 22 हजार रूपए की एकमुश्त राशि दी गई




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सह सम्मान समारोह का आयोजन नामकुम स्थित लोक स्वास्थ संस्थान के प्रेक्षागृह में हुआ। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर झारखण्ड सरकार ने राज्य की लगभग 40 हजार स्वास्थ्य सहियाओं को बड़ा तोहफा दिया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी की धर्मपत्नी श्रीमती इरफाना इरफान ने स्वास्थ्य सहियाओं को 22 हजार रूपये की एकमुश्त राशि के सांकेतिक चेक प्रदान कर सम्मानित किया। विदित हो कि झारखण्ड सरकार के योजना मद से झारखण्ड स्वास्थ्य प्रहरी के तहत् सभी स्वास्थ्य सहियाओं को 2000 रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रावधान किया गया है। इस वित्तीय वर्ष 2025-26 के 11 महीने की एकमुश्त राशि 22 हजार रूपये उनके खाते में हस्तान्तरित कि गई है। रविवार को राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान में किया गया था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा॰ इरफान अंसारी की धर्मपत्नी श्रीमती इरफाना इरफान थीं। विशिष्ट अतिथि के तौर पर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अजय कुमार सिंह की धर्मपत्नी डॉ अनिता सिन्हा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड के अभियान निदेशक श्री शशि प्रकाश झा की धर्मपत्नी श्रीमती मीनाक्षी झा उपस्थित थीं। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा 48 सहियाओं, 24 सहिया साथी, पांच महिला चिकित्सक और 72 सीएचओ व महिला स्वास्थ्य कर्मियों को स्वास्थ्य विभाग में बेहतर योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र, मोमेण्टो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 2 वैसी स्वास्थ्य सहियाओं को भी सम्मानित किया गया जो, अब मुखिया के पद निर्वाचित हुई हैं। इस अवसर पर श्रीमती इरफाना इरफान ने कहा कि झारखण्ड सरकार महिलाओं के स्वाभिमान, आत्मसम्मान और स्वावलंबन का पूरा ख्याल रखती है। झारखण्ड मुख्यमंत्री मईयाँ सम्मान योजना इसी बात का पुख्ता प्रमाण है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी की धर्मपत्नी श्रीमती कल्पना सोरेन हम सभो की प्रेरणा स्रोत हैं।

## महिला दिवस पर संजय सेठ ने महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

रांची। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में तैनात महिला ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने महिला पुलिसकर्मियों को छाता भेंट कर उनके समर्पण, कर्तव्यपरायणता और सेवा भावना का सम्मान किया। इस मौके पर संजय सेठ ने कहा कि रांची में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने में महिला पुलिसकर्मियों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण और सराहनीय है। भीषण धूप, बारिश और कड़ाके की ठंड में भी वे सड़कों पर ड्यूटी निभाकर नागरिकों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि महिला पुलिसकर्मियों की मेहनत, साहस और कर्तव्यनिष्ठा समाज के लिए प्रेरणादायक है। उनके समर्पण के कारण ही शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो पाती है। इस अवसर पर उन्होंने सभी महिला पुलिसकर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए नमन करते हुए महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## विराट हिंदू सम्मेलन में गूंजा सामाजिक समरसता और एकता का मंत्र

**रांची।** पंडरा के चटकपुर में आयोजित 'विराट हिंदू सम्मेलन' ऐतिहासिक उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। हजारों हिंदू समाज के सदस्य एकत्रित हुए, जहां वक्ताओं ने राष्ट्र निर्माण, सांस्कृतिक संरक्षण और छुआछूत मुक्त समाज के संकल्प को दोहराया। चिन्मय आश्रम के स्वामी परिपूर्णानंद सरस्वती ने मुख्य वक्ता के रूप में समाज को संबोधित किया। उन्होंने कहा, "हिंदू समाज को अपनी जड़ों की ओर लौटना होगा।" धन का सदुपयोग समाज-धर्म कार्यों में करने पर जोर दिया। अतिथि सत्कार और दान को सौभाग्य बताते हुए उन्होंने एकजुट समाज की अपील की। अखिल भारतीय सह कार्यवाहिका एवं मुख्य वक्ता सुनीता ताई हल्देकर ने हिंदू समाज को विश्व का सबसे उदार समाज बताया।

## रोज सोसाइटी की 103वीं बसंतकालीन गुलाब प्रदर्शनी 15 मार्च को



**रांची।** द रोज सोसाइटी ऑफ रांची, रांची क्लब लिमिटेड के सहयोग से रविवार 15 मार्च को रांची क्लब हॉल में 103वीं बसंतकालीन गुलाब प्रदर्शनी का आयोजन करने जा रही है। इस प्रदर्शनी में विभिन्न किस्मों और रंगों के गुलाब के फूलों के साथ-साथ शिल्प, पेंटिंग, फोटोग्राफ और गुलाबों की सजावट का प्रभावशाली प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शनी के सर्वश्रेष्ठ फूल को 'किंग ऑफ द शो' से नवाजा जाएगा। दूसरे सर्वश्रेष्ठ फूल को 'क्वीन ऑफ द शो' का पुरस्कार दिया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ 'फ्लोरीबंडा' के लिए 'प्रिंस ऑफ द शो' पुरस्कार दिया जाएगा। इसी प्रकार सर्वश्रेष्ठ 'मिनिएचर' को 'प्रिंसेस ऑफ द शो' से सम्मानित किया जाएगा। द रोज सोसाइटी ऑफ रांची के अध्यक्ष गणेश मुंजाल ने बताया कि प्रतियोगिता को सात श्रेणियों में विभाजित किया गया हैः व्यक्तिगत, संस्थागत, भारतीय गुलाब, नौसिखिए, गुलाबों का असीमित प्रदर्शन, गुलाब की सजावट, और पेंटिंग क्राफ्ट एवं कढ़ाई। पूरी प्रतियोगिता में कुल 59 सेक्शन होंगे। पुरस्कार हेतु प्रविष्टियों का चयन फूल के आकार, रंग, रूप, पदार्थ, पत्तियों और तने के आधार पर किया जाएगा।

**कार्यक्रम** सीएचपी/सीपीपी परियोजना में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

# महिलाएं कोयला उद्योग की मजबूती की अहम कड़ी : पीके सिंह

- महिला कर्मियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया

नवीन मेल संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र की सीएचपी/सीपीपी परियोजना में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महिला कोयला कामगारों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। समारोह की अध्यक्षता किरण देवी ने की, जबकि संचालन मुर्ति देवी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित परियोजना पदाधिकारी पी.के. सिंह ने महिलाओं की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता और मेहनत से नई पहचान बना रही हैं। कोयला उद्योग जैसे कठिन क्षेत्र में भी महिला कर्मियों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि महिला कर्मियों की मेहनत और समर्पण से ही कार्यस्थल पर सकारात्मक माहौल बनता है और उत्पादन व्यवस्था मजबूत होती है। पी.के. सिंह ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समान अवसर को सुनिश्चित करने का संकल्प लेने का अवसर भी है। उन्होंने महिला कर्मियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सविता देवी, मंजू देवी, सावित्री देवी, गीता कुमारी, नीतू देवी, गीता देवी, झलवा देवी, अन्नु कुमारी, सोनिया कुमारी सहित दर्जनों महिला कोयला कामगार उपस्थित थीं। इस दौरान महिला कर्मियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और कार्यस्थल पर मिल रहे अवसरों के लिए प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। पी.के. सिंह ने कहा कि समाज में महिलाओं बहुत बड़ा योगदान होता है। वह किसी से भी कम नहीं होती हैं।

## न्यूज बॉक्स

### उचक्कों ने दिनदहाड़े स्कूटी सवार महिला के गले से की सोने के चेन की छिनतई

**मांडर।** थाना क्षेत्र में करगे नयाटोला के निकट शनिवार को दिनदहाड़े उचक्कों ने एक स्कूटी सवार महिला अमृता खलखो के गले से सोने की चैन छीन ली। सोने के चैन की कीमत करीब 70 हजार रुपए बताई जा रही है। घटना दोपहर करीब तीन बजे की है। बताया जा रहा है कि अमृता खलखो पति रवि तिर्की नगड़ी के सेम्बो स्थित घर से स्कूटी में अकेले ही अपने मायके करगे के नया टोली जा रही थी। इसी क्रम में नया टोली के निकट ही उसके पीछे आ रहे पल्सर बाइक पर सवार दो उचक्के उसके निकट पहुंचे और गले से उसकी सोने की चैन खींचकर बुढ़मू की ओर फरार हो गये। चैन छिनतई की सूचना मांडर थाना को दे दी गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गलत चालान काटने का आरोप, थाना प्रभारी को आवेदन देकर जांच की मांग



**मांडर।** नरकोपी थाना क्षेत्र में एक वाहन मालिक ने गलत तरीके से चालान काटे जाने का आरोप लगाते हुए थाना प्रभारी को आवेदन देकर जांच की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि उनके वाहन का चालान उस समय काटा गया, जब वाहन उनके पास ही खड़ा था। नरकोपी थाना क्षेत्र के मंदरो निवासी आरिफ अंसारी ने थाना प्रभारी नरकोपी को दिए आवेदन में बताया है कि उन्होंने 27 अक्टूबर 2025 को प्रेरणा हीरो शोरूम, मांडर से एक स्प्लेंडर प्लस बाइक खरीदा था। वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 01 जीएच 4821 है। आवेदन में बताया गया है कि उनके वाहन पर 10 दिसंबर 2025 को पहला चालान तथा 2 मार्च 2026 को दूसरा चालान काटा गया है। जबकि उनका कहना है कि जिस स्थान पर चालान काटा गया, वहां उनका वाहन गया ही नहीं था। साथ ही यातायात विभाग द्वारा चालान के साथ जो तस्वीर भेजी गई है उस तस्वीर में उन्हीं की स्प्लेंडर बाइक की नंबर है जबकि बाइक किसी दूसरी कंपनी की है और उस बाइक को चला भी कोई और व्यक्ति रहा है। वाहन मालिक ने आवेदन में कहा है कि संभवतः किसी अन्य वाहन के नंबर के कारण गलती से चालान काट दिया गया है। उन्होंने थाना प्रभारी से मामले की जांच कर गलत चालान को निरस्त करने की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मेसरा में मंडा पूजा चार अप्रैल को, पांच को झूलन कार्यक्रम, तैयारी के लिए बनी कमेटी

**रांची।** मेसरा शिव एवं काली पूजा समिति की बैठक रविवार को गंगा करमाली की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि चार अप्रैल को मंडा पूजा और पांच को झूलन कार्यक्रम होगा। 16 अप्रैल को काली पूजा होगा। बैठक में सर्वसम्मित से संजय कुमार महतो, जिला परिषद सदस्य, कांके पूर्वी को मुख्य संरक्षक, गंगा करमाली को अध्यक्ष, जलेश्वर महतो को सचिव चुना गया। इसके अलावा सह-सचिव बबलू महतो, सतीश महतो, किशोर महतो छोटेलाल महतो, उपाध्यक्ष कुशल मुंडा, शिवलाल महतो, कालेश्वर महतो, मनोज महली बनाया, जबकि प्रभात महतो को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई।

### जेएलकेएम राहे पंचायत अध्यक्ष अर्जुन महतो को दी गई श्रद्धांजलि, जुटे सैकड़ों कार्यकर्ता




**सिल्ली।** राहे प्रखंड अंतर्गत उरांवडीह निवासी जेएलकेएम राहे पंचायत अध्यक्ष अर्जुन महतो का बिजली करंट के झटका से 4 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया था, उनके निधन से सिल्ली विधान सभा क्षेत्र में शोक का लहर है, रिम्स में पोस्टमार्टम के बाद उनका पैतृक गांव उरांवडीह में पार्थिव शरीर का 5 मार्च को अंतिम संस्कार किया गया । आज राहे पंचायत पुरना नगर विकास भवन में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई । जिसमें क्षेत्र कार्यकर्ता और समर्थक एकजुटता दिखाई ।मौके पर केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि सरल स्वभाव के धनी अर्जुन जेएलकेएम परिवार का एक मजबूत स्तंभ थे उनका असमय चले जाना पार्टी का अपूरणीय क्षति है।कार्यक्रम के मौके पर मृतक के पत्नी यमुना देवी, भैया शिव प्रसाद महतो, पदाधिकारी समेत सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी,समर्थक ग्रामीण उपस्थित थे ।

### चुनौतियों के बीच खुद को स्थापित किया है महिलाओं ने : सुदेश महतो



**रांची।** सिल्ली स्टेडियम परिसर स्थित किसान भवन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सह सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उप मुख्यमंत्री सह आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो उपस्थित हुए। इस अवसर पर उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि महिलाओं ने चुनौतियों के बीच खुद को स्थापित किया है। पहले महिलाएं घर के चौखट, घूंघट और पारिवारिक रिश्ते-नाते तक ही सीमित थी। अब वे इस पुरुष प्रधान देश में कदम से कदम मिलाकर देश और प्रदेश के उन्नति में अपना भागीदारी सुनिश्चित कर रही है। महिलाएं पुरूषों के बराबर ही नहीं, बल्कि उनसे कहीं आगे हैं। श्री महतो ने कहा कि यदि एक बालिका पढ़ लिख लेती है तो वह अपने परिवार का ही नहीं संपूर्ण समाज का भला करती है। आज हमारे सामने बहुत सारी चुनौतियां हैं जिसमें सबसे बड़ी लिंगानुपात है। इसे बराबर करने में प्रत्येक महिला एवं पुरूष की बराबर भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। श्री महतो ने कहा कि इसको ध्यान में रखते हुए हमने पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को 50 प्रतिशत पद आरक्षित कर उन्हें राजनीति की मुख्यधारा में लाने एवं महिला समूह के माध्यम से एक अलग पहचान देने का प्रयास किया जिसका परिणाम आज देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम में क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती वीणा चौधरी, गूंज परिवार के संयोजक श्री जयपाल सिंह, चंचला देवी, भानु देवी, उर्मिला देवी, अनीता देवी, जयंती देवी, सुनना देवी, आरती देवी, सरिता कुमारी, ज्योति देवी, नीलमा देवी, उमा देवी, सुकरी देवी, आलोका देवी, समेत काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

### उपायुक्त ने तसदीक शिविर का किया औचक निरीक्षण

# रिकॉर्ड के संधारण और लंबित मामलों के निष्पादन का निर्देश

- दस्तावेजों का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही/पदमा।** प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने बरही और पदमा अंचल क्षेत्र में आयोजित तसदीक शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व से जुड़े अभिलेखों, पंजी और चल रहे कार्यों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शिविर में रखे गए विभिन्न रजिस्टरों और दस्तावेजों का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। निर्देश दिया कि सभी महत्वपूर्ण अभिलेखों को व्यवस्थित तरीके से संधारित किया जाए तथा पुराने अभिलेखों के आधार पर तैयार किए गए नए रिकार्ड का सही मिलान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिविर में आने वाले मामलों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निष्पादन किया जाना चाहिए, ताकि आम लोगों को अनावश्यक परेशानी न हो। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर से संबंधित सभी कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन तय समय सीमा के भीतर तैयार कर प्रस्तुत किया जाए। उपायुक्त ने कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी भी जताई और नियमित निगरानी के माध्यम से लंबित मामलों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता आम लोगों को सरल और पारदर्शी सेवा उपलब्ध कराना है, इसलिए सभी अधिकारी जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करें।

## बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा बहुत जरूरी : रेणु

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के ग्राम चामुदोहर में संस्था मानव विकास के द्वारा एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रमुख रेणु देवी ,विशिष्ट अतिथि गोरहर पंचायत मुखिया प्रेमिका कुमारी तथा प्रखंड के विभिन्न गांवों से आई किशोरियां और महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। वहीं प्रमुख रेणु देवी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर वर्ष 8 मार्च को महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक,सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने तथा लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के संघर्ष, ताकत और अधिकारों को सम्मान देने का विशेष अवसर है। उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है और समाज में लड़का-लड़की के बीच कभी भेदभाव नहीं करना चाहिए।इसके बाद गोरहर पंचायत की मुखिया प्रेमिका देवी ने कहा कि महिलाओं को सशक्त और मजबूत बनाना बहुत जरूरी है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। डाडीघाघर पंसस लीलावती देवी ने कहा कि महिला दिवस केवल सम्मान का दिन नहीं है,बल्कि महिलाओं को शिक्षित,आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाने के संकल्प का दिन भी है। एक महिला का सशक्त होना पूरे परिवार और राष्ट्र की प्रगति का प्रतीक है। सचिव ने भी अपने संबोधन में महिलाओं के सशक्तिकरण और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और किशोरियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिसका मंच संचालन अंजू मुर्मू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल कुमार, रोसहित कई अन्य ग्रामीणों और महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## न्यूज बॉक्स

### रामनवमी पर्व को लेकर गोरहर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



बरकट्ठा। गोरहर थाना परिसर में आगामी रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर गोरहर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजन की गई। बैठक की अध्यक्षता इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी ने की, जबकि संचालन थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने किया। बैठक में उपस्थित लोगों से प्रशासन की ओर से अपील की गई कि रामनवमी के जुलूस एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान शांति, भाईचारा और कानून व्यवस्था बनाए रखें। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना को सोशल मीडिया पर फैलाने से बचें। यदि कहीं भी अफवाह फैलने की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें।प्रशासन ने जुलूस के आयोजकों को सुरक्षा और निगरानी के लिए ड्रोन कैमरा का उपयोग करने की भी सलाह दी, ताकि पूरे कार्यक्रम पर नजर रखी जा सके और किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। बैठक में मुख्य रूप से अर्जुन राणा, सुनील पांडेय, राजकुमार गिरी, शिवलाल यादव, असमत अली, रमजान अली, श्यामा किशोर सिंह, अर्जुन पांडेय, संदीप साव, राजदेव पासवान, किसुन नायक, शत्रुघ्नमंडल समेत कई लोग उपस्थित थे।

### गोरहर पुलिस ने बेलकपी में संतोष साव के घर चिपकाया इश्तेहार



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर पंचायत बेलकप्पी के पुरानी अडवार निवासी संतोष साव पिता टेकमन साव के घर पर इश्तेहार चिपकाया। यह कार्रवाई माननीय न्यायालय से निर्गत आदेश के आलोक में की गई। मिली जानकारी के अनुसार कोर्ट केस संख्या 1659/2022 के अभियुक्त संतोष साव लंबे समय से फरार चल रहे हैं। इसी को लेकर गोरहर थाना पुलिस की ओर से गांव में पहुंचकर उनके घर पर विधिवत इश्तेहार चिपकाया गया। इश्तेहार चिपकाने की प्रक्रिया के दौरान ढोल बजाकर ग्रामीणों को भी इसकी जानकारी दी गई।इश्तेहार चिपकाने की कार्रवाई एएसआई शिवदत त्रिपाठी के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने बताया कि न्यायालय के निर्देशानुसार निर्धारित समय के भीतर अभियुक्त को न्यायालय में उपस्थित होना होगा, अन्यथा आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मंत्री योगेंद्र प्रसाद को स्कॉर्ट कर रही पुलिस गाड़ी को बोलेरो ने मारी टक्कर, बाल बाल बचे लोग



**रामगढ़।** झारखंड सरकार के मंत्री योगेंद्र प्रसाद को स्कॉर्ट कर रही रामगढ़ पुलिस की गाड़ी को एक बोलेरो ने विपरीत दिशा से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। लेकिन पुलिसकर्मी और ड्यूटी पर तैनात लोग बाल बाल बच गए। इस घटना की पुष्टि करते हुए रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि मंत्री योगेंद्र प्रसाद रांची से अपने घर लौट रहे थे। रामगढ़ पुलिस की ओर से उन्हें स्कॉर्ट किया जा रहा था। ड्यूटी पर सब इंस्पेक्टर विकास कुमार मौजूद थे। उनके साथ चार जवान भी गाड़ी में थे। छत्तरमांडू में विपरीत दिशा से आ रही एक बोलेरो गाड़ी ने स्कॉर्ट गाड़ी को ठोक दिया। गाड़ी पर सवार सभी पुलिस पदाधिकारी और जवानों को हल्की चोटें आई हैं। सभी का प्राथमिक उपचार कराया गया है। बाद में दूसरी गाड़ी से मंत्री योगेंद्र प्रसाद को रजरप्पा क्षेत्र तक छोड़ा गया।

### छात्राओं ने पेंटिंग्स के माध्यम से दिया शिक्षा और आत्मनिर्भरता का संदेश



**विष्णुगढ़।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, विष्णुगढ़ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम वार्डेन सह शिक्षिका ज्योति वर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाषण, पेंटिंग और दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में लक्ष्मी कुमारी प्रथम, मनीषा कुमारी द्वितीय और निशा कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। पेंटिंग प्रतियोगिता में रेणु कुमारी ने प्रथम, नुसरत खातून ने द्वितीय तथा तमन्ना खातून ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं दौड़ प्रतियोगिता में गायत्री कुमारी प्रथम, रेणु कुमारी द्वितीय और कुसुम लता कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा रिंकी देवी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में शिक्षा ही लड़कियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई कर जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। वार्डेन ज्योति वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं और बालिकाओं को शिक्षा, आत्मसम्मान और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक रहना चाहिए।

### जनता की समस्याओं का समाधान करना मेरी प्राथमिकता: धनंजय कुमार पुटूस

रामगढ़। रामगढ़ प्रखंड कार्यालय के निकट स्थित आरबीएसएस कार्यालय में रविवार भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस के द्वारा आयोजित 32वां जनता दरबार सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। जनता दरबार में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और मोहल्लों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। इस दौरान लोगों ने जमीन संबंधी विवाद, राशन कार्ड, बैंकिंग समस्याएं, बिजली, पेयजल, पेंशन एवं अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर आवेदन सौंपा। जनता दरबार में पहुंचे प्रत्येक व्यक्ति की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए धनंजय कुमार पुटूस ने संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए वे लगातार जनता दरबार के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं।

### महिला समूह की ओर से सम्मान समारोह आयोजित

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को किया गया सम्मानित



**बरही।** मलकोको पंचायत के ग्राम बुंडू में जेएसएलपीएस महिला समूह की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव तथा विशिष्ट अतिथि स्थानीय मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष विजय कुमार यादव, पंचायत समिति सदस्या नीलम देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर क्षेत्र के पांच पंचायतों से बड़ी संख्या में महिला दीदियाँ शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया। जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी पंचायतों की महिला प्रतिनिधियों को प्रोत्साहन स्वरूप 5-5 कलम और 1-1 डायरी प्रदान की गई। वहीं सांसद मनीष जायसवाल द्वारा उपलब्ध कराए गए एक लहंगा का भी वितरण किया गया। मौके पर महालक्ष्मी उरांव, चित्रा कुमारी मैनेज, क्रांति कुमारी व अनीता कुमारी, कविता देवी, संध्या देवी अध्यक्ष, सोना देवी व खुनीता देवी सहित कई महिलाएं उपस्थित थीं।

### हजारीबाग नगर निगम के डिप्टी मेयर को लेकर सरगर्मी तेज

**हजारीबाग ।** हजारीबाग नगर निगम के डिप्टी मेयर का चुनाव को लेकर अब सरगर्मी तेज हो गई है तो विजयी प्रत्याशी ज्यादातर अंडरग्राउंड हो गए हैं। जिसके कारण अब तरह तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। उक्त कुर्सी पाने को लेकर कुछ वार्ड पार्षदों की ओर से दावेदारी जैसे शुरू हुई । वैसे ही राजनीतिक व कूटनीतिक चालें भी तेज हो गई है। इस क्षेत्र के जानकारों का कहना है कि जीते हुए पार्षदों का बल्ले बल्ले है। मुख्य दलों के समर्थित प्रत्याशियों के मुख्य पदों समेत पुराने बहुत से पार्षदों के हार जाने से निगम की राजनीति अब दूसरी करवट ले ली है। जिसके कारण डिप्टी मेयर का चुनाव कांटेदार और रोमांचक हो गया है। इस बार उक्त चेयर पर आधी आबादी की नजर है। इसलिए संख्या बल के आधार पर नैतिक दावेदारी भी पूरे दमखम से लगा रही है।

### कायस्थ महासभा प्रखंड इकाई की बैठक संपन्न

## चित्रांश समाज को सशक्त करने के लिए बैठक, यूजीसी बिल का विरोध

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही।** धनबाद रोड स्थित एनएच डाक बंगला में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा प्रखंड इकाई बरही की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अशोक बख्शी ने की, जबकि संचालन अनुमंडल प्रभारी शैलेंद्र सिन्हा ने किया। बैठक की शुरुआत हिंदू नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ हुई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अरुण कुमार प्रभात, कार्यकारी अध्यक्ष बृज मोहन प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार अंबष्टा तथा संगठन मंत्री अजय कुमार सिन्हा सहित प्रखंड इकाई के कई सदस्य मौजूद रहे। जिसमें संगठन को मजबूत करने, नियमित मासिक बैठक आयोजित करने और समाज के लोगों को जोड़ने पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही केंद्र सरकार के प्रस्तावित यूजीसी बिल पर भी चिंता व्यक्त करते हुए इसका विरोध दर्ज कराया गया। जिलाध्यक्ष श्री प्रभात ने कहा कि 'महासभा आपके द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से प्रखंड के चित्रांश समाज को एक मंच पर लाया जाएगा। इसके तहत महिलाओं और युवाओं को संगठन से जोड़कर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। बैठक में अजीत कटरियार, गोपाल चंद्र घोष, नगीन कुमार सिन्हा, अनूप प्रधान, अमर प्रधान, रविंद्र कुमार सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा, जयदीप कुमार सिन्हा, श्याम कुमार सिन्हा और निखिल कुमार समेत कई सदस्य उपस्थित रहे। अंत में प्रखंड अध्यक्ष अशोक बख्शी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ।

### रामनवमी पूजा के सफल आयोजन को लेकर कमेटी गठित

## सर्वसम्मति से सुनील पांडेय अध्यक्ष और श्याम सिंह सचिव चुने गए



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम शिलाड़ीह में रामनवमी पूजा के भव्य आयोजन को लेकर ग्रामीणों की रविवार को महावीर मंदिर के प्रांगण में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चंद्रशेखर सिंह व संचालन परमेश्वर साव ने किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रामनवमी पूजा धूमधाम और बेहतरीन ढंग से मनाना है। बैठक में सर्व समिति से अध्यक्ष सुनील पांडेय, सचिव श्याम सिंह, कोषाअध्यक्ष शिवलाल यादव, उपाध्यक्ष राजकुमार गिरी, उप कोषाअध्यक्ष दीपक कुमार साव, उपसचिव संजय लामा, मीडिया प्रभारी श्याम किशोर पांडेय को नियुक्त किया गया। वही संरक्षक के रूप में परमेश्वर साव, चंद्रशेखर सिंह,श्यामानंद पांडेय, नरेश पांडेय, अर्जुन पांडेय, प्रदीप पांडेय, बिंदेश्वर मंडल, रामेश्वर राम, रजनीकांत पांडेय, संतोष मंडल को नियुक्त किया गया। बैठक के पश्चात सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को संरक्षक चंद्रशेखर सिंह के द्वारा भगवा गमछा देकर सम्मानित किया गया।तत्पश्चात जय श्री राम के गगन भेदी नारों से क्षेत्र गूंजेमन हुआ। मौके पर मुकेश पांडेय ,सूरज देव प्रजापति, रामबचन पांडेय, देवेंद्र पांडेय,मनोज यादव, ,राम प्रसाद ठाकुर ,मनोज कुमार ,देवलाल पंडित, श्यामलाल पासवान ,चंदन सिंह, मोतीलाल पंडित के अलावे कई लोग उपस्थित थे।

### उज्जवला फाउंडेशन ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**रामगढ़ ।** एक पुरुष एक मकान बना सकता है, पर उस मकान को संस्कारों और खुशियों से सजाकर 'घर' में तब्दील महिला ही कर पाती है। उक्त बातें फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कही। श्री प्रजापति रविवार को बोंगाबार स्थित जेपी रेस्टूरेंट के सभागार में उज्जवला फाउंडेशन द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की नारी शक्ति की उपलब्धियां 'विकसित भारत' की ओर राष्ट्र का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। अगर एक महिला को शिक्षित किया जाता है तब एक पीढ़ी शिक्षित होती है। इसलिए महिलाओं को शिक्षित होना होगा। वही उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी बढ़ाने की बात कही। आज महिलाओं की सफलता और आकांक्षाएं विकसित भारत की यात्रा को गति दे रही हैं। बाद में महिला दिवस पर मौजूद महिलाओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही हजारीबाग सांसद मनीष जयासवाल के जन्मदिन पर महिलाओं ने उनके दीर्घायु होने की कामना किया। कार्यक्रम में जगेश्वर प्रजापति, सुलेखा देवी, कौशल्या देवी उपस्थित थे ।

### रामगढ़ जिला की महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं शालिनी

**केदला।** रामगढ़ (सिरका-अरगड्डा) की बेटी शालिनी दुबे किसी परिचय की मोहताज नहीं है। शालिनी छोटी सी उम्र में ही बड़ी उपलब्धियां हासिल की है। आज शालिनी रामगढ़ जिला की महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी हुई हैं। 2014 में महुआ टीवी से गीत का जो सफर शुरु हुआ था वह आज जीटीवी के सारेगामापा तक पहुंच गया है। शालिनी के पिता विश्वनाथ दुबे सरस्वती विद्या मन्दिर अरगड्डा में संगीत के शिक्षक हैं। उनकी माता समाज सेवी हैं। शालिनी ने कई रियलिटी शो किए हैं। वहीं इन्होंने रजरप्पा महोत्सव और इटखोरी महोत्सव के साथ ही देश में कई सारे महोत्सव में हिस्सा लेकर अपने गीत से लोगों को मंत्र मुग्ध किया है। झारखंड सरकार की ओर से झारखंडी कोयलिया का खिताब से इन्हें नवाजा गया है। शालिनी के कई सारे एलबम भी मार्केट में आ चुके हैं।

शालिनी बचपन से ही प्रतिभाशाली रही हैं। छोटे शहर में रहकर अपनी पहचान बनाना कोई छोटी बात नहीं होती। वर्तमान में शालिनी अपने क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत बनी हुई हैं। महिला दिवस पर शालिनी का कहना है कि महिलाएं अपना निर्णय स्वयं ले। अपनी प्रतिभा को छुपाए नहीं। धीरे धीरे खुद रास्ता मिलते जाता है। साथ ही शालिनी ने झारखंड सरकार को भी दो टूक बात कही।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के कपका स्थित सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त पी.एम. इंटरनेशनल स्कूल में सत्र 2025–26 के वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों,अभिभावकों एवं शिक्षकों की गरिमामय उपस्थिति रही।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक सत्येंद्र प्रसाद, प्राचार्य दिनेश कुमार भारती, प्रबंध निदेशक वीरेंद्र प्रसाद, प्रबंधक राजेश कुमार यादव तथा उपस्थित अभिभावकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के टॉपर अमर कुमार पिता शिव शंकर प्रसाद को साइकिल, स्कूल बैग एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने उनकी उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में सिद्धांत कुमार, शाहिद अंसारी, पायल कुमारी, नेहा कुमारी, मयूर कुमार, प्रिंस कुमार, जानवी कुमारी, प्रतीक पंडित, आयशा परवीन, प्राची कुमारी, रोशन कुमार, साक्षी कुमारी, गुलजार अंसारी, अंशु कुमार मंडल, प्रमोद कुमार, दुर्गावती कुमारी, अमर कुमार, प्रिंस कुमार, अश्विन कुमार, प्रियांशु राज, लक्ष्मी कुमारी, सूरज कुमार, श्वेता कुमारी एवं सूरज राणा को प्रमाण पत्र एवं स्कूल बैग देकर सम्मानित किया गया।

वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक किट प्रदान किया गया। तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ज्योमेट्री बॉक्स एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, ताकि बच्चों में पढ़ाई के प्रति लगन और आगे बढ़ने की प्रेरणा बनी रहे।

**सशक्तिकरण** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित, डीडीसी ने कहा-

# जब महिलाएं एक-दूसरे का साथ देती हैं, तब बदलाव की राह बनती है

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) रामगढ़ द्वारा जिला समाहरणालय सभाकक्ष में महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रामगढ़ की विधायक ममता देवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विधायक ममता देवी, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रीता सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा सिंह,प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला सहित जिले के सभी प्रखंडों से सखी मंडल की सदस्य उपस्थित रहीं।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया तथा अतिथियों को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला कार्यक्रम प्रबंधक रीता सिंह द्वारा महिला दिवस के अवसर पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजित कार्यक्रम की जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के विकास हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं से महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं एक-दूसरे का साथ देती हैं, तब अवसर, आत्मविश्वास और बदलाव की राह बनती है। इसके बाद उत्कृष्ट कार्य करने वाले मांडू प्रखंड के रतवे संकुल संगठन की अध्यक्ष कुंती देवी ने अपने अनुभव साझा किए। वहीं मांडू प्रखंड की जेंडर सीआरपी हेमंती देवी ने जेंडर रिसोर्स सेंटर द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं इससे महिलाओं को मिलने वाले सहयोग के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा ने महिलाओं के लिए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे मिशन शक्ति, नारी अदालत एवं वन स्टॉप सेंटर आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

वहीं जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा सिंह ने महिला सशक्तिकरण के महत्व और महिलाओं की भागीदारी पर विशेष प्रकाश डाला। जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी ने कहा कि आज महिलाएँ घरों से बाहर निकलकर पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही हैं और अन्य महिलाओं को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं। मुख्य अतिथि विधायक रामगढ़ ममता देवी ने अपने संबोधन में कहा कि जब महिलाएँ एक-दूसरे का साथ देती हैं, तब समाज का समग्र विकास संभव होता है।

उन्होंने कहा कि आज महिलाएँ हर क्षेत्र में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं और देश को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संकुल संगठन, ग्राम संगठन एवं जेएसएलपीएस में कार्यरत कैडरों को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ साथ सभी प्रखंड के सभी संकुल संगठन द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## महिला दिवस पर कौशल विकास केंद्र में कार्यक्रम

### छात्राओं को मिला प्लेसमेंट सर्टिफिकेट



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत संचालित सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना के प्रशिक्षण भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा के तत्वावधान में आयोजित हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त कंचन सिंह, डीएलएसए सचिव मरियम हेमरोम, जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर उपायुक्त कंचन सिंह ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा, कौशल और रोजगार से समाज व अर्थव्यवस्था दोनों को मजबूती मिलती है। उन्होंने पारंपरिक कौशल और आधुनिक तकनीक के समन्वय से महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने पर जोर दिया।डीएलएसए सचिव मरियम हेमरोम ने कहा कि महिलाओं का सम्मान केवल एक दिन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनके अधिकार और सुरक्षा हर दिन सुनिश्चित होनी चाहिए।कार्यक्रम के दौरान कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं को सिलाई, फैशन डिजाइनिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्लेसमेंट सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। साथ ही छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

## एलिस शैक्षणिक संस्थान में मनाया गया महिला दिवस



नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** प्रखंड स्थित एलिस शैक्षणिक संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं के योगदान और उपलब्धियों को याद किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक बिमल कुमार ने सभी महिलाओं को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि महिलाएं केवल घर और परिवार की ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की प्रेरणा, नेतृत्व और सकारात्मक बदलाव की शक्ति हैं। हर वर्ष 8 मार्च को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की ताकत, साहस और उनकी उपलब्धियों का उत्सव है। उन्होंने कहा कि जीवन की हर चुनौती में नारी शक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

इस मौके पर संस्थान की काउंसलर सुष्मिता सिंह ने कहा कि एक महिला होने के नाते उन्हें गर्व है कि आज नारी शक्ति हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, परिश्रम और संकल्प के बल पर नई ऊंचाइयों को छू रही है। परिवार के संस्कारों से लेकर समाज और राष्ट्र निर्माण तक महिलाओं की भूमिका सदैव प्रेरणादायी रही है।कार्यक्रम में निदेशक बिमल कुमार, उपसचिव दीपिका कुमारी, सुष्मिता सिंह, सोनाली मर्की सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## रामनवमी पूजा समिति की तीसरी बार अध्यक्ष बने आदित्य प्रसाद

**ठेठईटांगर।** शिव मंदिर परिसर में शनिवार संध्या रामनवमी पूजा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से आदित्य प्रसाद को तीसरी बार समिति का अध्यक्ष चुना गया तथा पूर्व समिति का ही विस्तार करने का निर्णय लिया गया। साथ ही इस वर्ष रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकालने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।बैठक में तय किया गया कि रामनवमी जुलूस में खजूरटांड़, जोराम बर टोली, राइबहार, अलसंगा, रिपो टोली और बसार टोली सहित विभिन्न गांवों की मंडलियां भाग लेंगी।

### महिला दिवस पर सिमडेगा में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# महिलाओं की शिक्षा से समाज का समग्र विकास संभव है : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा हेरिटेज सह म्यूजियम परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों से स्वयं सहायता समूह की सदस्याएं, सामुदायिक दीदियाँ, आंगनबाड़ी सेविकाएं, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त कंचन सिंह, उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुन्नी कुमारी और जेएसएलपीएस की जिला परियोजना प्रबंधक शांति मार्डी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान महिला सशक्तिकरण से संबंधित लघु चलचित्र का प्रदर्शन किया गया और महिला दिवस के उपलक्ष्य में केक भी काटा गया। उपायुक्त कंचन सिंह ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा, कौशल और आजीविका में निवेश से समाज का समग्र विकास संभव है। उन्होंने बताया कि झारखंड में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएँ आर्थिक और सामाजिक बदलाव की अग्रदूत बन रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान 71 उद्यमी महिलाओं को सिलाई मशीन प्रदान की गई तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली 16 कैडर दीदियों और एक संकुल संगठन की प्रतिनिधि को सम्मानित किया गया। वहीं पूनम सुरेन और ललिता देवी ने अपनी सफलता की कहानी साझा कर अन्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

## सिमडेगा में अस्मिता लीग एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में मेरा युवा भारत और भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में अस्मिता लीग एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले भर से बड़ी संख्या में बालिकाओं और युवतियों ने भाग लिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त कंचन सिंह उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें अंडर-13 वर्ष, 13 से 18 वर्ष तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।उपायुक्त कंचन सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि अस्मिता लीग भारत सरकार की एक सराहनीय पहल है, जो महिलाओं और बालिकाओं की खेलों में भागीदारी बढ़ाने तथा उन्हें स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करती है।

जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार ने बताया कि अस्मिता पहल के तहत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर देशभर के 250 स्थानों पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें सिमडेगा भी शामिल है।कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार, प्रमाण पत्र और पदक देकर सम्मानित किया गया।

## मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मनाया गया महिला दिवस

**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में रविवार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसमे स्कूल के व्याख्याता ऋचा हेंब्रम ने सभी महिलाओं को एकजुट होकर समाज की कुरीतियों को दूर करने को कहा। उन्होंने कहा कि आज की महिलाएं पुरुषों से हरेक क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर पुरुषों से आगे निकल रही है । वहीं ट्यूटर आईवी सुप्रभा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि निरन्तर सक्रिय भूमिका निभाते हुए महिलाएं निरन्तर आगे बढ़ रही हैं, आप सभी निरंतर लक्ष्य केंदित कर आगे बढ़े। वही अंकिता मिश्रा ने भी कहा कि महिलाओं में अपरिमित शक्ति और अपार क्षमता होती है जो पूरे राज्य में नहीं बल्कि पूरे देश में एक नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। झारखंड की बेटियां भी पूरे देश में अपने राज्य का नाम रोशन की है।

आज महिलाएं अदम्य साहस से एक अलग पहचान बना रही है। ट्यूटर वंदना धनवार ने कहा कि बेटियां ओस की बूंद जैसी होती है ।आज देश को मजबूत करने में पुरुष ही नहीं महिलाओं को ही समान रूप से भाग ले रही है उनके बिना किसी निर्माण की कल्पना ही असंभव है । आज के कार्यक्रम में वार्डन माटिल्डा तिर्की ने भी अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए महिलाओं को एक दूसरे के प्रति सम्मान के भाव के साथ निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## तुरबुंगा शिव मंदिर परिसर में विराट रौतिया सामाजिक सुधार सम्मेलन आयोजित

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के तुरबुंगा स्थित शिव मंदिर परिसर में रौतिया ससिया मांदि समिति के तत्वावधान में विराट रौतिया सामाजिक सुधार सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में समाज को संगठित करने, सामाजिक व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय रौतिया विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रोहित सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि हफिंदर सिंह, टकबर सिंह, भवानी सिंह और कामेश्वर सिंह (सहादुर) विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के मुख्य पुजारी बालमुकुंद सिंह के नेतृत्व में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से हुई। इसके बाद तुरबुंगा रौतिया महिला समूह द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया तथा अतिथियों को फूलमाला, गुलदस्ता और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए रोहित सिंह ने कहा कि रौतिया समाज को शिक्षा और संगठन की दिशा में आगे बढ़ना होगा। समाज के लोगों को आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए हर सुख-दुख में एक-दूसरे का साथ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की पहचान उसकी संस्कृति और परंपराओं से होती है, इसलिए इन्हें संरक्षित रखना जरूरी है। विशिष्ट अतिथि कामेश्वर सिंह (सहादुर) ने कहा कि समाज को आत्मनिर्भर और प्रगतिशील बनाने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। उन्होंने समाज में एकता, सहयोग और सकारात्मक बदलाव लाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में मदन सिंह ने स्वागत भाषण दिया, जबकि मंच संचालन भूपेश्वर सिंह और धन्यवाद ज्ञापन करमपाल सिंह ने किया। सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में रौतिया समाज के लोग उपस्थित थे।

## प्रदर्शन के दौरान ममता सरकार का किया गया पुतला दहन

सिमडेगा। पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कथित अपमान को लेकर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं में आक्रोश देखने को मिला। प्रदेश संगठन के निर्देश पर रविवार शाम महावीर चौक, सिमडेगा में एसटी मोर्चा के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया।कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन राष्ट्रपति का अपमान किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश रविकांत ने कहा कि यह केवल राष्ट्रपति ही नहीं, बल्कि पूरे आदिवासी समाज और देश की गरिमा का अपमान है।

## न्यूज बॉक्स

### महाभंडारा के साथ तीन दिवसीय अखंड हरि कीर्तन सह यज्ञ महोत्सव संपन्न



**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के लचरागढ़ बस्ती ब्राह्मण टोली स्थित शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय अखंड हरी कीर्तन सह यज्ञ महोत्सव नगर भ्रमण, पूर्णाहुति और महाभंडारा के साथ संपन्न हो गया। धार्मिक अनुष्ठान का संचालन पुरोहित पंडित जगरनाथ पंडा, भरतु दुबे, प्रमोद पंडा, प्रदीप पंडा, मदन पंडा, गोवर्धन दास, नथन पंडा और रंजीत पंडा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कराया। यज्ञ में यजमान की भूमिका नंदकिशोर साहू और बसंती देवी ने निभाई।कार्यक्रम के अंतिम दिन नगर भ्रमण निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां और बच्चे शामिल हुए। पारंपरिक वाद्य यंत्रों और भजन-कीर्तन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। नगर भ्रमण के बाद पूर्णाहुति दी गई और महाभंडारे का आयोजन किया गया। महोत्सव को सफल बनाने में शिव शक्ति महिला समूह और ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। महिला समूह के पदाधिकारियों ने सभी कीर्तन मंडलियों, पुलिस प्रशासन और ग्रामीणों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान सशक्तिकरण का दिया गया संदेश



**कोलेबिरा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रखंड के टूटीकेल गांव में महिलाओं के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष सह झामुमो जिला महिला मोर्चा अध्यक्षा रोस प्रतिमा सोरेंग उपस्थित रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में टूटीकेल की मुखिया सुशीला डांग और ऐडेगा की मुखिया जिरेन डांग शामिल हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत महिला समूहों द्वारा पारंपरिक गीत और नृत्य के साथ अतिथियों के स्वागत से हुई। महिलाओं ने फूल-माला और गुलदस्ता भेंट कर अतिथियों का अभिनंदन किया।अपने संबोधन में रोस प्रतिमा सोरेंग ने कहा कि महिलाओं का सशक्त और आत्मनिर्भर होना समाज और देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की अपील की।इस अवसर पर सुशीला डांग और जिरेन डांग ने भी महिलाओं को शिक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस की दीदियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थीं।

### चाचा नेहरू चिल्ड्रेन एकेडमी में कल मनाया जाएगा 11वां स्थापना दिवस

**बानो।** सेमर टोली बानो स्थित चाचा नेहरू चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल में 10 मार्च 2026 को विद्यालय का 11वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें छात्र-छात्राएं नृत्य, गीत और अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बानो थाना प्रभारी मानव मयंक कुमार शामिल होंगे।विद्यालय प्रबंधन समिति ने बताया कि स्थापना दिवस को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। प्रबंधन ने अभिभावकों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर केतुंगाधाम में आज से वार्षिक परीक्षा प्रारंभ

**बानो।** प्रखंड के केतुंगाधाम स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा 9 मार्च 2026 से शुरू होगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में संपन्न कराने के लिए विद्यालय प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।प्रधानाचार्य सुकरा केरकेट्टा ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए कक्षाओं की समुचित व्यवस्था की गई है तथा विद्यार्थियों के बैठने, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा और कक्ष निरीक्षण के लिए आचार्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।विद्यालय के आचार्यों ने विद्यार्थियों से आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने और पूरे वर्ष की मेहनत के आधार पर ईमानदारी से उत्तर लिखने की अपील की। साथ ही अभिभावकों से बच्चों को समय पर विद्यालय भेजने और घर में पढ़ाई का अनुकूल वातावरण बनाने का आग्रह किया गया है। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### टकबहाल गांव में खस्सी चोरी मामले को लेकर हुई पंचायत, आरोपियों पर जुर्माना

**बोलबा।** प्रखंड के बेहरीनबासा पंचायत अंतर्गत टकबहाल गांव में खस्सी चोरी के मामले को लेकर मुखिया स्नेहलता केरकेटा की अध्यक्षता में पंचायत बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीणों की मौजूदगी में मामले की सुनवाई की गई।जानकारी के अनुसार होली से एक दिन पूर्व सीताराम घांसी का एक खस्सी चोरी हो गया था। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। बाद में ग्रामीणों के बीच चर्चा के दौरान यह बात सामने आई कि गांव के अशोक सिंह और सोमरा सुरीन ने खस्सी चोरी कर लिया था और होली के दिन उसे अलिंगुड गांव में काटकर करीब सात सौ रुपये में बेच दिया।ग्रामीणों द्वारा पूछताछ किए जाने पर अशोक सिंह ने खस्सी चोरी की घटना स्वीकार कर ली। इसके बाद पंचायत में दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद मुखिया स्नेहलता केरकेटा और उप प्रमुख आमंत्रण मांझी की मौजूदगी में निर्णय लिया गया कि आरोपी अशोक सिंह और सोमरा सुरीन दस-दस हजार रुपये का आर्थिक दंड भरेंगे।बताया गया कि कुछ दिन पहले भी खस्सी चोरी की घटना में सोमरा सुरीन पर ग्राम सभा द्वारा 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया था। पंचायत में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### 22 मार्च को बोलबा प्रखंड मुख्यालय में मनाया जाएगा सरहुल का पर्व

**बोलबा।** प्रखंड मुख्यालय में प्रकृति पर्व सरहुल के आयोजन को लेकर पहान समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष प्रखंड मुख्यालय में सरहुल महोत्सव 22 मार्च 2026, रविवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष मोतीराम सेनापति और सचिव देवेंद्र भगत ने बताया कि 21 मार्च को जिला मुख्यालय सिमडेगा में सरहुल पर्व मनाया जाएगा, जिसमें प्रखंड क्षेत्र के लोग भी शामिल होंगे। इसी कारण प्रखंड स्तर पर महोत्सव का आयोजन अगले दिन 22 मार्च को किया जाएगा।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत बोलबा स्थित शंख नदी किनारे सरना स्थल पर सामूहिक पूजा-अर्चना से होगी।

## 19 गोवंशीय के साथ दो पिकअप व कार जब्त

नवीन मेल संवाददाता



**केरसई।** केरसई थाना क्षेत्र के चौराटांड़ में केरसई पुलिस ने गोवंशीय पशुओं की तस्करी के प्रयास को विफल करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस ने तस्करी के लिए ले जाए जा रहे 19 गोवंशीय पशुओं को बरामद किया।जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चौराटांड़ क्षेत्र से गोवंशीय पशुओं की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने दो पिकअप वाहनों को जब्त किया, जिनमें पशुओं को भरकर ले जाया जा रहा था।

इसके अलावा तस्करों द्वारा उपयोग की जा रही एक स्विफ्ट कार को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।पुलिस की कार्रवाई की भनक लगते ही तस्कर मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह ने बताया कि फरार तस्करों की पहचान की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

## कोलेबिरा विधानसभा का चहुंमुखी विकास मेरा सपना : नमन कोंगाड़ी

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के टीटांगर प्रखंड अंतर्गत टुकूपानी पंचायत के गुड़गुड़टोली में जिला योजना मद से एनआरईपी विभाग द्वारा बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास उनका सपना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है। सड़क बनने से ग्रामीणों, बच्चों और बुजुर्गों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।उन्होंने कहा कि वे केवल विधायक ही नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता के सेवक भी हैं। लोगों ने उन पर जो भरोसा जताया है, उसे पूरा करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्रक्रियाओं के कारण कार्यों में समय लगता है, लेकिन उनका प्रयास रहेगा कि क्षेत्र में लगातार विकास कार्य होते रहें।

# कुरडेग के माइकल किंडो स्टेडियम में विराट हिंदू सम्मेलन

नवीन मेल संवाददाता







**कुरडेग।** कुरडेग स्थित माइकल किंडो स्टेडियम में रविवार को विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिले के विभिन्न प्रखंडों और ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिन्दू समाज को संगठित करना तथा धर्म, संस्कृति और प्राचीन परंपराओं के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना था।कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ पारंपरिक विधि से की गई। इसके बाद मंच से उपस्थित अतिथियों ने समाज में एकता, सांस्कृतिक मूल्यों और परंपराओं के संरक्षण को लेकर अपने विचार रखे।इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन हिन्दू समाज की एकता और जागरूकता के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में समाज को अपनी धर्म संस्कृति और परंपराओं को सुरक्षित रखने के लिए संगठित होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गांवों की पारंपरिक रीति-रिवाज और मान्यताएँ ही समाज की पहचान हैं, इसलिए इन्हें बचाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन का उल्लेख करते हुए लोगों से उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। साथ ही माता शबरी के जीवन चरित्र का उल्लेख करते हुए समाज में समरसता और भेदभाव समाप्त करने का संदेश दिया।सम्मेलन को संबोधित करते हुए जशपुर के राजकुमार विक्रमादित्य सिंह जूदेव ने कहा कि हिन्दू समाज सदैव से सहिष्णु और संस्कारी रहा है तथा सभी धर्मों का सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि समाज को एकजुट होकर अपनी संस्कृति और परंपराओं की रक्षा के लिए आगे आना होगा तथा समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वास को दूर करने का प्रयास करना चाहिए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अजय कुमार ने भी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में जागरूकता और एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भी समाज को संगठित करने और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आए समाज के प्रतिनिधियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही गांवों के पहान, पुजारी और बैगा को भी सम्मानित कर उनकी पारंपरिक सामाजिक भूमिका की सराहना की गई। अन्य वक्ताओं ने भी समाज में एकता, सांस्कृतिक संरक्षण और सामाजिक समरसता पर अपने विचार रखे।

